This question paper contains 16 printed pages]

आपका अनुक्रमांक................

**2605**

**B.A. (Programme)/I** **D–I**

HINDI LANGUAGE (B)—Paper I

हिन्दी भाषा (ख)–प्रश्न-पत्र I

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10+10

(क) जो समझता है कि वह दूसरों का अपकार कर रहा है, वह अबोध है, जो समझता है कि दूसरा उसका अपकार कर रहा है, वह भी बुद्धिहीन है। कौन किसका उपकार करता है, कौन किसका अपकार कर रहा है ? मनुष्य जी रहा है, केवल जी रहा है, अपनी इच्छा से नहीं, इतिहास-विधाता की योजना के अनुसार। किसी

को उससे सुख मिल जाय, बहुत अच्छी बात है, नहीं मिल सका, कोई बात नहीं, परन्तु उसे अभिमान नहीं होना चाहिए। सुख पहुँचाने का अभिमान यदि गलत है, तो दुःख पहुँचाने का अभिमान तो नितरां गलत है।

**प्रश्न :**

(*i*) लेखक के अनुसार 'अबोध' और 'बुद्धिहीन' कौन है ?

(*ii*) मनुष्य का जीवन किसकी इच्छा पर निर्भर है ?

(*iii*) लेखक किस अभिमान की बात कर रहा है ?

(*iv*) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम लिखिए।

(ख) पर्यावरण का महत्त्व भी आज इसलिए समझ में आ रहा है कि प्रकृति का क्षय मनुष्य के लिए खतरा है। मनुष्य के भौतिक तथा आध्यात्मिक विकास के लिए प्रकृति का 'अक्षय' रहना जरूरी है। यह प्रकृति का ही नियम है कि प्रकृति में रहने के लिए कुछ हद तक प्रकृति का दोहन करना होगा, मानो इस दोहन को प्रकृति बुरा नहीं मानती। इसको विनाश नहीं कहा जा सकता। प्रकृति और मनुष्य का विनाश एक साथ होता है—यह समझ हम मनुष्य की हित-चेतना से ही बना सकते हैं। मनुष्य के हित से सम्पूर्ण रूप से अलग करके प्रकृति के हित को समझने की क्षमता ईश्वर ने हमें नहीं दी है।

**प्रश्न :**

(*i*) पर्यावरण का महत्त्व मनुष्य ने कब जाना ?

(*ii*) मनुष्य के लिए प्रकृति का 'अक्षय' रहना क्यों जरूरी है ?

(*iii*) 'कुछ हद तक प्रकृति 'दोहन' को बुरा नहीं मानती' से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(*iv*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम लिखिए।

(ग) यह सत्य है कि जब तक जनता में सामाजिक और राजनीतिक चेतना उत्पन्न नहीं हो जाती तब तक लोकतान्त्रिक पद्धति की सफलता सम्भव नहीं है। इसका तो उद्देश्य ही यही है कि राष्ट्र के राजनीतिक जीवन में सब लोग विवेकपूर्वक और सक्रिय रूप से भाग

लें। राजनीतिक और आर्थिक समस्याओं के प्रति जनता की उदासीनता को दूर करना होगा और सार्वजनिक कार्यों में उसकी दिलचस्पी पैदा करनी होगी। इसलिए लोकतान्त्रिक शासन-व्यवस्था की स्थापना के लिए व्यापक शिक्षा सबसे आवश्यक है। जनता की सांस्कृतिक और शिक्षा-सम्बन्धी कमियों को सर्वप्रथम दूर करना पड़ेगा और सभी श्रेणियों में साक्षरता का व्यापक प्रसार करना होगा।

**प्रश्न :**

(*i*) लोकतान्त्रिक पद्धति की सफलता किस बात पर निर्भर करती है ?

(*ii*) लोकतान्त्रिक पद्धति का उद्देश्य क्या है ?

(*iii*) इसके लेखक का सामाजिक और राजनीतिक चेतना से क्या तात्पर्य है ?

(*iv*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम लिखिए।

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) अनुताप अथवा पश्चाताप से क्या अभिप्राय है ?

(अनुताप की महिमा)

(*ii*) वाल्मीकि का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ ?

(शुभकामना : एक जीवन तत्त्व)

(*iii*) रामप्रसाद बिस्मिल की अन्तिम इच्छा क्या थी ?

(बिस्मिल का अन्तिम सन्देश)

(*iv*) नर्मदा से लेखक का भावात्मक लगाव क्यों है ?

(फिर उसी नर्मदा मैया की जय)

(*v*) बहादुर के जाने पर परिवार को पश्चाताप क्यों हुआ ? (बहादुर)

(*vi*) गहराई से 'देखने' को लेखक ने महत्त्वपूर्ण क्यों माना है ? (देखो मगर ध्यान से)

(*vii*) 'सन्तन को कहाँ सीकरी सों काम' किस भक्त कवि की पंक्ति है ? (सन्त सीकरी में बड़े व्यस्त हैं)

'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×5=15

**प्रश्न :**

(*i*) बिहारी के मन में कट्टो के प्रति क्या भाव था ?

(*ii*) 'कट्टो' नाम की सार्थकता बताइए।

(*iii*) गरिमा एवं कट्टो के स्वभाव का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(*iv*) सत्यधन ने वकालत क्यों छोड़ी ?

(*v*) मूर्च्छित कट्टो को जब होश आया जो उसने बिहारी बाबू से क्या कहा ?

(*vi*) होशियार बहादुर कौन था ? उसने सत्यधन को क्या सलाह दी ?

(*vii*) आपकी दृष्टि में कट्टो को विधवा कहना क्या उचित है ?

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) शिशिर भादुड़ी कौन थे ? राष्ट्रीय रंगमंच के संदर्भ में उनका क्या मत था ?

(मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

(*ii*) डा. सच्चिदानंद सिन्हा के जीवन के अंतिम वर्षों में उनकी क्या उत्कट अभिलाषा थी ?

(एक जन्मजात चक्रवर्ती : सच्चिदानंद सिन्हा)

(*iii*) शिक्षा की किस नई पद्धति का विकास माथुर जी ने किया ?

(मेरे पिता : लक्ष्मीनारायण माथुर)

(*iv*) घोष चित्रों में कैसे दिखाई देते थे और मिलने पर लेखक को कैसे दिखाई दिए ?

(विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)

(*v*) पीयर्स के विचार में शिक्षक शब्द कैसे सार्थक बनता है ?

(आस्थावान अंग्रेज शिक्षक : एफ. जी. पीयर्स)

(*vi*) सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विकास में लॉड ने किन योजनाओं को प्रारंभ कर उन्हें सफल बनाया ?

(अफसर जो विलक्षण अपवाद था : पुरुषोत्तम मंगेश लाँड)

(*vii*) स्काउट दीप मेहरोत्रा को प्रार्थना-समाज से तीन दिन के लिए क्यों बहिष्कृत किया गया ?

(किशोर जीवन की मुस्कान ही जिसकी साधन थी : श्रीराम वाजपेयी)

4. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 5

(*i*) अंग्रेजी नहीं, अंग्रेज़ियत गुलामी है;

(*ii*) कड़कती सर्दी की सुबह;

(*iii*) सब दिन होत न एक समान।

(ख) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए और उपयुक्त शीर्षक दीजिए : 5

मैं यह नहीं मानता कि स्वर्ग या नरक जैसे कुछ निश्चित स्थान भूत-प्राणियों के निवास के लिए बने हुए हैं, पर प्राकृतिक न्याय पर मेरा विश्वास है और मैं मानता हूँ कि मनुष्यों को अच्छे कर्मों के लिए पुरस्कार मिलना चाहिए और बुरे कर्मों के लिए दण्ड। किन्तु इस न्याय व्यवस्था के लिए स्वर्ग और नरक जैसे स्थानों की कोई आवश्यकता नहीं है। मेरा विश्वास है कि मनुष्य को अपने अधिकांश कर्मों का फल किसी-न-किसी रूप में, इसी जीवन में, मिल जाता है और शेष रह जाता है उसका भोग, वह अगले जन्म में भोगता है।

मेरे इस कथन से यह बात स्पष्ट हो जाएगी कि मैं जन्मोत्तरवाद पर विश्वास करता हूँ। क्यों करता हूँ, इसके अनेक कारण हैं। मनुष्य जब जन्म लेता है तब वह अपने साथ कुछ विशेष संस्कार और प्रवृत्तियाँ लेकर आता है। अनुभव से यह बात सिद्ध नहीं होती कि उन सभी संस्कारों और प्रवृत्तियों की विरासत वह अपने माता-पिता या पूर्वजों से पाता है।

**अथवा**

अखबारी हिंदी की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

5. किसी **एक** विषय पर विचार कीजिए : 8

(*i*) मीडिया की निरंकुशता

(*ii*) दिल्ली में 'रोड रेज'

(*iii*) अन्ना आंदोलन : दशा और दिशा।

6. किसी **एक** घटना/स्थिति का चित्रण कीजिए : 7

(*i*) प्लेटफॉर्म पर बिताई एक रात

(*ii*) विश्व पुस्तक मेले में अपने प्रिय लेखक से भेंट।

7. (क) कोश की परिभाषा देते हुए उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 5

(ख) शब्दकोश में प्रविष्टि के अनुसार निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

आहट, अंकन, कमल, दुर्जन, गागर, पागल, प्याला, इतिहास, हवालात, ऋतु।

8. (क) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए : 4

(*i*) संतोषी व्यक्ति जंगल में मंगल मनाते हैं।

(मिश्र वाक्य)

(*ii*) कुछ लोग इसलिए दान करते हैं कि उनका नाम हो। (सरल वाक्य)

(*iii*) सुधा शिकागो जाएगी। (प्रश्नवाचक)

(*iv*) जब उसने मुझे देखा तो वह खिसक गया। (संयुक्त वाक्य)

(ख) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन कीजिए : 4

(*i*) अनेक चित्रकारों ने सुन्दर चित्र बनाए। (कर्मवाच्य)

(*ii*) मैं यह भाषा नहीं सीख सकूँगा। (भाववाच्य)

(*iii*) आज हमें व्याकरण पढ़ाया गया। (कर्तृवाच्य)

(*iv*) अध्यापक जी छात्रों को हिंदी पढ़ा रहे हैं। (कर्मवाच्य)

(ग) निम्नलिखित के परिवर्णी (पूर्ण रूप) लिखिए : 4

(i) बसपा

(ii) दि. वि. वि.

(iii) नभाटा

(iv) दि. प. नि.

(घ) विलोम शब्द लिखिए : 4

(i) प्रत्यक्ष

(ii) सूक्ष्म

(iii) उपयोग

(iv) अनुराग

(v) उचित

(vi) हित

(vii) सुगंध

(viii) आकाश।

(ङ) निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची लिखिए : 4

(*i*) ईश्वर

(*ii*) पहाड़

(*iii*) शत्रु

(*iv*) पुष्प।